रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

सत्यमेव जयते

Test Date	09/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 एक दुकानदार कुल ₹12,000 में 6 एकसमान मोबाइल फोन खरीदता है। इसके पश्चात वह उनमें से 2 मोबाइल फोन को कुल ₹10,000 में बेच देता है। बेचे गए फोनों पर उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 152% B). 150% C). 153% D). 148%

Correct Answer: B

Q.2 तीन नल X, Y तथा Z, एक टंकी को क्रमशः 15 मिनट, 12 मिनट और 20 मिनट में भर सकते हैं। यदि Y को सदैव खुला रखा जाता है जबकि X और Z को, X से शुरू करते हुए एकांतर रूप से एक-एक घंटे के लिए खोला जाता है, तो टंकी भरने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8 घंटे B). 6 घंटे C). 5 घंटे D). 7 घंटे

Correct Answer: D

Q.3 एक धनराशि को 2 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश किया जाता है। x% की वार्षिक ब्याज दर पर, मिश्रधन ₹24,200 हो जाता है। यदि वार्षिक ब्याज दर (x + 10)% है, तो मिश्रधन ₹28,800 हो जाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5 B). 15 C). 20 D). 10

Correct Answer: D

Q.4 किसी वृत्त पर क्रमागत रूप से चार बिंदु A, B, C और D इस प्रकार हैं कि C, A के ठीक सम्मुख है तथा D, B के ठीक सम्मुख है। निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?

Ans A). AB = CD B). AD = BC C). AC = CD D). AC = BD

Correct Answer: C

Q.5 राहुल अपनी साइकिल द्वारा 8 km/hr, 10 km/hr और 15 km/hr की चाल से तीन बराबर दूरियां तय करने में कुल 2 घंटे 27 मिनट का समय लेता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 28.5 km B). 27.2 km C). 27.5 km D). 25.2 km

Correct Answer: D

Q.6 AB, CD के समानांतर है। एक तिर्यक् छेदी रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेद करती है, और ∠PEB = 38° है। G, AB और CD के बीच स्थित एक बिंदु इस प्रकार है कि ∠BEG = 24° और ∠GFE = 29° है। ∠EGF की माप ज्ञात कीजिए।

Ans A). 21° B). 27° C). 47° D). 33°

Correct Answer: D

Q.7 पाइप C एक टैंक को 10 घंटे में भर सकता है और पाइप D उसे 15 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टैंक को भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 10 B). 5 C). 6 D). 8

Correct Answer: C

Q.8 यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 23$ है, तो $\frac{4x}{5x^2 - 3x + 5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{11}{3}$ B). $\frac{1}{5}$ C). $\frac{21}{10}$ D). $\frac{2}{11}$

Correct Answer: D

Q.9 निम्नलिखित में से सबसे छोटे अनुपात का चयन कीजिए।

A- 5 : 7
B- 4 : 5
C- 9 : 10
D- 3 : 4

Ans A). A B). D C). C D). B

Correct Answer: A

Q.10 5, 10 और 15 से विभाज्य सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 30 B). 20 C). 60 D). 45

Correct Answer: A

Q.11 निम्नलिखित आंकड़े मार्च महीने में एक सप्ताह के लिए शहर X का तापमान (°C में) दर्शाते हैं। प्रत्यक्ष विधि द्वारा तापमानों का समांतर माध्य (°C में) ज्ञात कीजिए।
अभिलिखित तापमान: 32.3, 34.5, 33.1, 32.7, 35.3, 33.2, 34.1

Ans A). 32.8 B). 33.6 C). 33.4 D). 33.8

Correct Answer: B

Q.12 एक खुदरा विक्रेता किसी वस्तु पर 3y% और 15% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप 28% की एकल समतुल्य छूट प्राप्त होती है। y का मान ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans A). 4 B). 7 C). 6 D). 5

Correct Answer: D

Q.13 एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹800 है। इसे 15% के लाभ पर बेचा जाता है। वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹920 B). ₹900 C). ₹880 D). ₹850

Correct Answer: A

Q.14 6-अंकीय संख्या 2A683B, 3 से विभाज्य है। (A+B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 B). 8 C). 5 D). 11

Correct Answer: A

Q.15 मार्च के महीने में, शनिवार और रविवार के अतिरिक्त, एक विक्रेता द्वारा कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 116 है। रविवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 126 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 121 है, तो शनिवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री कितनी है?

Ans A). 138 B). 143 C). 139 D). 135

Correct Answer: C

Q.16 2520 m की एक वृत्तीय रेस में, सिद्धार्थ 90 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और यश 45 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे विपरीत दिशाओं में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने भिन्न मिलन बिंदु (meeting points) होंगे?

Ans A). 13 B). 9 C). 12 D). 3

Correct Answer: D

Q.17 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\tan A}{1 - \sqrt{\operatorname{cosec}^2 A - 1}} + \frac{\cot A}{1 - \sqrt{\sec^2 A - 1}}$$

Ans A). $1 - \tan A + \cot A$ B). $1 + \tan A - \cot A$ C). $1 + \tan A + \cot A$ D). $1 - \tan A - \cot A$

Correct Answer: C

Q.18 एक व्यक्ति 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर ₹10,000 निवेश करता है। 3 वर्ष बाद मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹11,200.50 B). ₹12,000 C). ₹11,000 D). ₹11,576.25

Correct Answer: D

Q.19 टॉमी और अर्थर की वर्तमान आयु का योगफल 50 वर्ष है। चार वर्ष पहले, अर्थर की आयु उस समय टॉमी की आयु की आधी थी। टॉमी की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans A). 39 B). 28 C). 37 D). 32

Correct Answer: D

Q.20 132 cm × 12 cm माप वाली कागज की एक आयताकार शीट को उसकी लंबाई के अनुदिश मोड़कर एक बेलन बनाया जाता है। इस प्रकार निर्मित बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans A). 16326 cm^3 B). 16623 cm^3 C). 16632 cm^3 D). 16362 cm^3

Correct Answer: C

Q.21 एक समलंब चतुर्भुज की समांतर भुजाएं 18 cm और 12 cm हैं। समलंब चतुर्भुज की ऊंचाई दोनों समांतर भुजाओं की लंबाई के औसत के बराबर है। समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 225 cm^2 B). 200 cm^2 C). 220 cm^2 D). 212 cm^2

Correct Answer: A

Q.22 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 4 वर्ष के लिए निवेश करता है। 4 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 19400 B). 75900 C). 76900 D). 18400

Correct Answer: B

Q.23 किसी कक्षा को तीन वर्गों A, B और C में विभाजित किया गया है।
वर्ग A में 25 छात्र हैं, जिनके औसत अंक 70 है।
वर्ग B में 35 छात्र हैं, जिनके औसत अंक 60 है।
वर्ग C में 40 छात्र हैं।
यदि सभी 100 छात्रों के संयुक्त औसत अंक 63 है, तो वर्ग C के लिए औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 64.25 B). 58.25 C). 61.25 D). 67.25

Correct Answer: C

Q.24 यदि k का 20%, 20 के 1800% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1790 B). 1750 C). 1730 D). 1710

Correct Answer: B

Q.25 यदि X और $\left(20-4\sqrt{24}\right)^{-\frac{1}{2}}$ का माध्यानुपाती $\frac{1}{2}\sqrt{10+4\sqrt{6}}$ है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\sqrt{5-2\sqrt{3}}$ B). $\sqrt{5+2\sqrt{3}}$ C). $\sqrt{5+2\sqrt{6}}$ D). $\sqrt{5-\sqrt{6}}$

Correct Answer: C

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 यदि MARKET शब्द के सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो मूल शब्द की तुलना में कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). दो B). एक भी नहीं C). एक D). तीन

Correct Answer: C

Q.27 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 24 का संबंध 192 से है। उसी तर्क के अनुसार, 19 का संबंध 152 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 32 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 236 B). 216 C). 256 D). 226

Correct Answer: C

Q.28 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 10 13 18 25 ?

Ans A). 37 B). 33 C). 36 D). 31

Correct Answer: C

Q.29 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FACE' को '6348' के रूप में तथा 'CAKE' को '6734' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

Ans A). 6 B). 4 C). 3 D). 7

Correct Answer: D

Q.30 S, G का भाई है। G, U का पिता है। H, M का पिता है। M, U का पुत्र है। H का S से क्या संबंध है?

Ans A). पति B). बहन का पति C). भाई की पुत्री का पति D). भाई की पत्नी का भाई

Correct Answer: C

Q.31 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) M B Y Q U Z S H C E R A K T D O F X I G W (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद भी एक स्वर है?

Ans A). एक B). तीन C). एक भी नहीं D). दो

Correct Answer: A

Q.32 सात व्यक्ति, A, B, C, D, X, Y तथा Z उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल X बैठा है। C तथा D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). B B). X C). A D). Z

Correct Answer: D

Q.33 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. Y की लंबाई, O की लंबाई से कम है। G की लंबाई, W की लंबाई से कम है।
II. G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है।

Ans A). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।

B). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।

D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: C

Q.34 P, Q, R, S, T, U और V एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। R, सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है। R और U के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। T, V के ठीक ऊपर वाले तल पर लेकिन Q के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। R और S के तल क्रमांकों का योगफल 10 से अधिक है। एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विन्यास में S का संबंध तल क्रमांक 5 से उसी प्रकार है, जिस प्रकार Q का संबंध तल क्रमांक 3 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, T का संबंध निम्नलिखित में से किस तल क्रमांक से है?

Ans A). 6 B). 1 C). 2 D). 4

Correct Answer: C

Q.35 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). JH - KM B). AB - EG C). XY - BD D). LM - PR

Correct Answer: A

Q.36 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।
संख्या/प्रतीक 6 * % 1 + 8 @ 3 ^ $

कूट XZC EHKN QTW
शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहला और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?
1 8 + 6 $

Ans A). W K H X E B). E K H X W C). E H H X W D). W K K X E

Correct Answer: A

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से **IHEF** का संबंध **BAXY** से है। उसी तरीके से **XWTU** का संबंध **QPMN** से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, **SROP** का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). LKHI B). LKGI C). LLGP D). LJGI

Correct Answer: A

Q.38 यदि ' + ' और ' ÷ ' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा ' - ' और ' x ' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

195 + 3 x 22 - 6 ÷ 117 = ?

Ans A). 51 B). 57 C). 43 D). 50

Correct Answer: D

Q.39 रोहित बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़कर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़कर 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans A). 3 km पूर्व की ओर B). 3 km पश्चिम की ओर C). 4 km पश्चिम की ओर D). 4 km पूर्व की ओर

Correct Answer: B

Q.40 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

10 B 5 D 24 A 4 C 8 = ? D 8

Ans A). 70 B). 40 C). 50 D). 60

Correct Answer: D

Q.41 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

24 12 12 18 36 ?

Ans A). 80 B). 75 C). 85 D). 90

Correct Answer: D

Q.42 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) P O U S I K J Y H B V F T E B G T E X E H Y (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). एक भी नहीं B). दो C). तीन D). एक

Correct Answer: B

Q.43 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 स्तंभों, A, B, D, I और Y में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा स्तंभ सबसे ऊंचा है?

(I) D केवल एक स्तंभ से ऊंचा है। I, B से छोटा है लेकिन A से ऊंचा है।
(II) I, Y से ऊंचा है।

Ans A). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Correct Answer: D

Q.44 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

RVR−NRN
SWS−OSO

Ans A). LOJ−HLH B). LPL−GLG C). LOJ−GKG D). LPL−HLH

Correct Answer: D

Q.45 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
E, ऐसे किसी तल पर रहता है जिसका क्रमांक एक अभाज्य संख्या है। E और A के तलों के क्रमांकों का गुणनफल 8 है।
B, F के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। A और C के तलों के क्रमांकों का योगफल 7 है।
A और B के तलों के क्रमांकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9 B). 10 C). 11 D). 8

Correct Answer: B

Q.46 LANGUID शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में, बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 14 B). 16 C). 13 D). 12

Correct Answer: C

Q.47 एक निश्चित कूट भाषा में, 'cup drama tale' को 'fi gh qf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ear tale mask' को 'pq dy fi' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'tale' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). gh B). fi C). qf D). pq

Correct Answer: B

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). QM−NJ B). IE−FB C). EA−BX D). NJ−JI

Correct Answer: D

Q.49 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AZ, BY, CX, DW, ?

Ans A). EU B). FV C). FU D). EV

Correct Answer: D

Q.50 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।
5 - 16 ÷ 4 + 12 × 3 = ?

Ans A). 90 B). 80 C). 85 D). 95

Correct Answer: B

Section : **General Science**

Q.51 **कौन-सा आवेशित कण, किसी तत्व का परमाणु क्रमांक निर्धारित करता है?**

Ans A). संपूर्ण परमाणु का द्रव्यमान B). नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन C). बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉन D). नाभिक में उपस्थित न्यूट्रॉन

Correct Answer: B

Q.52 **जल की तुलना में भूमि के शीघ्र ठंडा होने के कारण, रात के समय सामान्यतः कौन-सी स्थानीय पवन चलती है?**

Ans A). थल समीर B). समुद्र समीर C). मानसून D). पश्चिमी पवनें

Correct Answer: A

Q.53 **किसी विज्ञान परियोजना के लिए विद्यार्थियों को किसी भारी वस्तु को कम से कम आयास बल के साथ उठाने के लिए प्रथम-श्रेणी के लीवर को समायोजित करने की आवश्यकता होती है। किस समायोजन से उन्हें सबसे अधिक यांत्रिक लाभ प्राप्त होगा?**

Ans A). लोड को आलंब से यथासंभव दूर रखना B). लोड भुजा को छोटा रखते हुए आयास भुजा की लंबाई को न्यूनतम करना C). लोड के वजन पर विचार किए बिना आलंब को ठीक केंद्र में रखना

D). लोड भुजा को लंबा रखते हुए आयास भुजा की लंबाई को अधिकतम करना

Correct Answer: D

Q.54 **किशोरों में तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए कौन-सी रणनीति सबसे प्रभावी है?**

Ans A). बिना स्पष्टीकरण के ग्राफिक प्रतिबिंब दिखाना B). विद्यार्थियों के लिए खेल उपकरण उपलब्ध कराना C). कार्यशालाओं के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के संबंध में बताना

D). सामान्य जानकारी वाले पर्चे वितरित करना

Correct Answer: C

Q.55 **इलेक्ट्रोलाइट मिलाकर कोलाइडल कणों को नीचे बैठाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?**

Ans A). पेप्टीकरण (peptisation) B). अपोहन (dialysis) C). पायसीकरण (emulsification) D). स्कंदन (coagulation)

Correct Answer: D

Q.56 **एक वनस्पति विज्ञानी किसी फसली पादप को आनुवंशिक रूप से संशोधित करने का प्रयास कर रही है ताकि उसकी लंबाई और क्षति के बाद मरम्मत क्षमता बढ़ाई जा सके। पादप को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उसे पादप के किस ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए?**

Ans A). विभज्योतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि और पुनर्जनन को प्रेरित करता है

B). बाह्यत्वचीय ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह रोगजनकों से बचाता है

C). भरण ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह भोजन का भंडारण करता है

D). संवहन ऊतक को बेहतर बनाने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि यह पोषक तत्वों और जल का परिवहन करता है

Correct Answer: A

Q.57 **यदि एक साइकिल चालक 'T' घंटे में 'D' किलोमीटर की दूरी तय करता है, तो औसत चाल का सही सूत्र कौन-सा है?**

Ans A). औसत चाल = D - T B). औसत चाल = D x T C). औसत चाल = T/D D). औसत चाल = D/T

Correct Answer: D

Q.58 **गोलीय दर्पणों के संदर्भ में, ध्रुव पर अभिलंब और मुख्य अक्ष के बीच क्या संबंध है?**

Ans A). मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ के साथ 45-डिग्री का कोण बनाता है B). मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ के लंबवत होता है

C). मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ की स्पर्शरेखा होती है D). मुख्य अक्ष, ध्रुव पर दर्पण के पृष्ठ के समांतर होता है

Correct Answer: B

Q.59 **दीर्घ स्थायी उच्च रक्तचाप से, _____ का जोखिम बढ़ सकता है।**

Ans A). हृदय रोग और आघात B). बेहतर रक्त परिसंचरण C). तेजी से भोजन पाचन D). ऑक्सीजन उत्पादन में वृद्धि

Correct Answer: A

Q.60 **वर्षा के पश्चात इंद्रधनुष तब दिखाई देता है जब सूर्य का प्रकाश वायु में जल की बूंदों से होकर गुजरता है। इंद्रधनुष में रंगों के पृथक दिखाई देने का मुख्य कारण निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया है?**

Ans A). वर्षा की बूंदों की सतह से सूर्य के प्रकाश का परावर्तन B). वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन

C). जल की बूंदों में सूर्य के प्रकाश का अपवर्तन और उसके बाद परिक्षेपण D). जल की बूंदों द्वारा सूर्य के प्रकाश का अवशोषण

Correct Answer: C

Q.61 **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि उत्कृष्ट गैसों की संयोजकता शून्य क्यों होती है?**

Ans A). क्योंकि वे किसी भी स्थिति में आयन नहीं बना सकते हैं B). क्योंकि वे आवर्त सारणी में सबसे छोटे परमाणु होते हैं

C). क्योंकि उनके बाह्य कोश में अभिक्रिया करने के लिए कोई इलेक्ट्रॉन नहीं होता है D). क्योंकि उनका बाह्यतम कोश पहले से ही पूर्ण और स्थायी होता है

Correct Answer: D

Q.62 **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि ऑटोमोबाइल में पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल को मार्जक ईंधन (cleaner fuel) क्यों माना जाता है?**

Ans A). दहन के दौरान एथेनॉल से कम हानिकारक उत्सर्जन होता है B). एथेनॉल इंजन के पुर्ज़ों में अधिक संक्षारण का कारण बनता है

C). पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल में प्रति ग्राम अधिक ऊर्जा होती है D). पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल का भंडारण और परिवहन अधिक कठिन होता है

Correct Answer: A

Q.63 **2 kg द्रव्यमान के एक पिंड को 5 m की ऊंचाई पर रखा गया है। इसकी स्थितिज ऊर्जा _____ है। ($g=10\ m/s^2$ का उपयोग कीजिए।)**

Ans A). 50 J B). 5 J C). 10 J D). 100 J

Correct Answer: D

Q.64 जब भिन्न द्रव्यमानों वाले दो पिंडों को समान दर से त्वरित किया जाता है, तो न्यूटन के द्वितीय नियम के अनुसार उन पर लगने वाले बलों के संबंध में क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

Ans A). दोनों पिंड समान बल का अनुभव करते हैं क्योंकि त्वरण समान है। B). तेजी से गतिमान होने के कारण हल्का पिंड अधिक बल का अनुभव करता है।
C). जब त्वरण नियत होता है, तो बल द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता है। D). द्रव्यमान अधिक होने के कारण भारी पिंड अधिक बल का अनुभव करता है।

Correct Answer: D

Q.65 एक छात्र, बिंदु X और Y के बीच, कॉपर के तार को प्लास्टिक के धागे से प्रतिस्थापित करके प्रयोग में संशोधन करता है, जबकि अन्य सभी परिस्थितियाँ समान रहती हैं। कम्पास की सुई के संबंध में प्रत्याशित अवलोकन क्या होगा और क्यों?

Ans A). प्लास्टिक में प्रतिरोध बढ़ने के कारण कम्पास की सुई अधिक तीव्रता से विक्षेपित होगी।
B). प्लास्टिक, कॉपर की तुलना में दुर्बल चुंबकीय क्षेत्र बनाता है, इसलिए कम्पास की सुई कम विक्षेपित होगी।
C). धागे और आलंब के बीच घर्षण के कारण कम्पास की सुई बहुत कम विक्षेपित होगी।
D). कम्पास की सुई विक्षेपित नहीं होगी क्योंकि प्लास्टिक विद्युत का चालन नहीं करता है और इसलिए कोई चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न नहीं होगा।

Correct Answer: D

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मिश्रण और विलयन के संबंध में कोलॉइड के गुण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). कोलॉइड का निस्यंदन करने पर वह परतों में पृथक हो जाता है। B). कोलॉइड स्थिर रखने पर तली में बैठ जाता है परंतु प्रकाश का प्रकीर्णन नहीं करता है।
C). कोलॉइड प्रकाश को प्रकीर्णित करता है लेकिन स्थिर रखने पर तली में बैठता नहीं है। D). कोलॉइड न तो प्रकाश का प्रकीर्णन करता है और न ही स्थिर रखने पर तली में बैठता है।

Correct Answer: C

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

a. मिश्रधातु बनाकर लोहे में जंग लगने से रोका जा सकता है।
b. स्टेनलेस स्टील मुख्य रूप से लोहे, क्रोमियम और निकैल की मिश्रधातु है।
c. मिश्रधातु दो या दो से अधिक धातुओं का एक विषमांगी मिश्रण होता है।

Ans A). b और c B). केवल a C). a और b D). a और c

Correct Answer: C

Q.68 टेरिडोफाइट की कौन-सी विशेषता उन्हें सीमित आर्द्रता वाले स्थलों पर ब्रायोफाइट की तुलना में बेहतर ढंग से जीवित रहने में सहायता करती है?

Ans A). नर युग्मकों के संचलन के लिए जल पर निर्भरता B). वास्तविक जड़ों, तनों और पत्तियों की अनुपस्थिति C). केवल संपूर्ण पादप काय में प्रत्यक्ष रूप से जल का अवशोषण
D). जल और पोषक तत्वों के परिवहन के लिए संवहनी ऊतकों की उपस्थिति

Correct Answer: D

Q.69 वायुमंडल, पृथ्वी पर जीवन के लिए उपयुक्त तापमान बनाए रखने में किस प्रकार सहायता करता है?

Ans A). यह सतह तक पहुंचने वाली संपूर्ण ऊष्मा को रोक देता है B). यह संपूर्ण ऊष्मा को तीव्रता से अंतरिक्ष में जाने देता है
C). यह सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके ग्रह को ठंडा करता है D). यह आने वाले सौर विकिरणों को आंशिक रूप से अवशोषित कर लेता है

Correct Answer: D

Q.70 जब कोई गेंद किसी ऊंचाई से मुक्त रूप से गिरती है, तो ऊर्जा संरक्षण के नियम के अनुसार उसकी स्थितिज और गतिज ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). दोनों ऊर्जाएं एक ही समय पर कम हो जाती हैं। B). दोनों ऊर्जाएं तुरंत ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाती हैं। C). स्थितिज ऊर्जा बढ़ती है और गतिज ऊर्जा घटती है।
D). स्थितिज ऊर्जा घटती है और गतिज ऊर्जा बढ़ती है।

Correct Answer: D

Q.71 यदि किसी खुले फ्लास्क में अभिक्रिया होती है, और प्रेक्षित द्रव्यमान में कमी हो जाती है, तो द्रव्यमान संरक्षण के नियम के अनुसार सबसे सही स्पष्टीकरण कौन-सा है?

Ans A). कोई गैस फ्लास्क से बाहर निकल गई है B). अभिक्रिया के पश्चात अभिकारक हल्के हो जाते हैं C). कुछ द्रव्यमान ऊर्जा में परिवर्तित हो गया है
D). द्रव्यमान संरक्षण का नियम अमान्य है

Correct Answer: A

Q.72 लोहे में संक्षारण या जंग लगने के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ क्या हैं?

Ans A). आर्द्रता और वायु/ऑक्सीजन दोनों B). केवल आर्द्रता C). केवल वायु/ऑक्सीजन D). केवल उच्च तापमान

Correct Answer: A

Q.73 कोई खनन कंपनी एक नए अयस्क की खोज करती है जिसमें सक्रियता श्रेणी के शीर्ष वाली एक धातु है। वे इस धातु को दक्षतापूर्वक और मितव्ययी रूप से निष्कर्षित करना चाहते हैं। उन्हें किस निष्कर्षण विधि का उपयोग करना चाहिए?

Ans A). गलित अयस्क का विद्युत-अपघटन B). कोक के साथ कार्बन अपचयन C). सायनाइड के साथ निक्षालन D). वायु में भर्जन

Correct Answer: A

Q.74 उत्तल दर्पणों का कौन-सा गुणधर्म उन्हें सुरक्षा उद्देश्यों के लिए शॉपिंग मॉल में उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है?

Ans A). वे देखने का एक विस्तृत क्षेत्र प्रदान करते हैं। B). वे प्रतिबिंब का आवर्धन करते हैं। C). वे छवि को व्युत्क्रमित करते हैं।
D). वे प्रकाश को समानांतर किरणों में परावर्तित करते हैं।

Correct Answer: A

Q.75 कौन-सा ऊतक, फर्न के तने की अनुप्रस्थ-काट में पाया जा सकता है, परंतु ब्रायोफाइटा और थैलोफ़ाइटा में अनुपस्थित होता है?

Ans A). पर्ण छिद्र B). पर्णहरित C). संवहनी पूल D). मूल रोम

Correct Answer: C

Q.76 जलीय विलयनों में अम्लों और क्षारकों के व्यवहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही कथनों का चयन कीजिए।

(I) अम्ल, जलीय विलयन में H^+ आयन उत्पन्न करते हैं।
(II) क्षारक, जलीय विलयन में OH^- आयन उत्पन्न करते हैं।
(III) विलयन की अम्लीय प्रकृति, OH^- आयनों की उपस्थिति के कारण होती है।
(IV) विलयन की क्षारकीय प्रकृति, OH^- आयनों की उपस्थिति के कारण होती है।

Ans A). केवल II और III B). केवल III और IV C). केववल I और II D). केवल I, II और IV

Correct Answer: D

Q.77 एक विद्यार्थी 4 kg की गाड़ी को धक्का देता है, जिससे उसका वेग 2 सेकंड में 2 m/s से परिवर्तित होकर 6 m/s हो जाता है। गाड़ी पर प्रयुक्त बल का परिमाण कितना होगा?

Ans A). 4 N B). 8 N C). 2 N D). 16 N

Correct Answer: B

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, ऋतुस्राव (menstruation) की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होती है?

Ans A). अंडाशय (Ovary) B). डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube) C). यकृत (Liver) D). गर्भाशय (Uterus)

Correct Answer: D

Q.79 किसी तत्व के दो समस्थानिक हैं, जिनकी द्रव्यमान संख्याएं 35 और 37 है। दोनों समस्थानिकों में कौन-सा गुणधर्म समान रहता है?

Ans A). परमाणु द्रव्यमान B). न्यूट्रॉनों की संख्या C). प्रोटॉनों की संख्या D). द्रव्यमान संख्या

Correct Answer: C

Q.80 सी-सॉ प्रकार के झूले (seesaw) में, उठाने में सरलता के लिए आलम्ब (fulcrum) के सापेक्ष भार (लोड) का स्थान क्या होना चाहिए?

Ans A). आलम्ब जिस बिंदु पर है, ठीक उसी बिन्दु पर B). आलम्ब से यथासंभव दूर C). आलम्ब से आयास की दूरी के समान दूरी पर D). आलम्ब के निकट

Correct Answer: D

Q.81 दूरी-समय ग्राफ में, दो वाहनों को ऐसी दो रेखाओं से दर्शाया गया है जिनमें से एक समय-अक्ष की ओर आनत एक सीधी रेखा है और दूसरी, बढ़ती अतिप्रवणता (steepness) के साथ एक वक्रित रेखा है। इससे दोनों वाहनों की गति के बारे में क्या पता चलता है?

Ans A). एक वाहन अपरिवर्ती चाल से गतिमान है, दूसरा त्वरित होता है B). एक वाहन स्थिर है जबकि दूसरा गतिमान है C). दोनों वाहन पूरे समय समान चाल से गतिमान हैं D). दोनों वाहन पूरे समय परिवर्ती चाल से गतिमान हैं

Correct Answer: A

Q.82 एक विद्युत मोटर 250 W पर रेटेड है। एक भौतिकी प्रयोग में, इसका उपयोग एक लोड को उठाने के लिए किया जाता है जिसमें 7500 J कार्य होता है। इस संदर्भ में रेटिंग (rating) क्या इंगित करती है?

Ans A). मोटर 30 सेकंड के लिए 250 N बल अनुप्रयुक्त करती है B). मोटर कभी भी, अधिकतम केवल 7500 J ही कार्य कर सकती है C). मोटर कार्य करने के लिए 250 J ऊर्जा संचित करती है D). मोटर पूर्ण शक्ति पर 30 सेकंड में 7500 J कार्य कर सकती है

Correct Answer: D

Q.83 कृषि क्षेत्रों में स्थानीय पवन पैटर्न से निम्नलिखित में से कौन-सा कारक प्रत्यक्षतः प्रभावित नहीं होता है?

Ans A). फसलों के बाह्य विशिष्ट लक्षण B). खेत के नमी के स्तर पर नियंत्रण C). मृदा तापमान का विनियमन D). संवातन के माध्यम से फसल के स्वास्थ्य के लिए सहायता

Correct Answer: A

Q.84 घासस्थल खाद्य जाल में, यदि खरगोश जैसे प्राथमिक उपभोक्ताओं की समष्टि में भारी कमी आ जाए, तो निम्नलिखित में से क्या होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans A). अधिक मृत पदार्थ होने के कारण अपघटकों की समष्टि में वृद्धि हो जाएगी। B). अधिक शिकार उपलब्ध होने के कारण शीर्ष परभक्षियों की समष्टि में वृद्धि हो जाएगी। C). भोजन की उपलब्धता कम होने के कारण द्वितीयक उपभोक्ताओं की समष्टि में कमी हो जाएगी। D). अधिक चराई के कारण घास की समष्टि में कमी हो जाएगी।

Correct Answer: C

Q.85 एक गेंद को एक निश्चित ऊँचाई से गिराया जाता है और वह 4 सेकंड तक गुरुत्वाकर्षण के अधीन मुक्त रूप से गिरती है। 4 सेकंड के बाद गेंद का वेग क्या होगा? ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए)

Ans A). 20 m/s B). 10 m/s C). 40 m/s D). 80 m/s

Correct Answer: C

Q.86 कोई रसायनज्ञ एक ऐसे यौगिक का निर्माण कर रहा है जिसमें सोडियम (Na), क्लोरीन (Cl) और ऑक्सीजन (O), सूत्र $NaClO_3$ के अनुसार सम्मिलित हैं। यदि परमाणु द्रव्यमान, Na = 23 u, Cl = 35.5 u, और O = 16 u हैं, तो $NaClO_3$ के सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass) की गणना कीजिए।

Ans A). 87.5 u B). 106.5 u C). 74.5 u D). 119.5 u

Correct Answer: B

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह स्पष्ट करता है कि सूक्ष्मदर्शी के विकास ने जैविक वर्गीकरण प्रणालियों में परिवर्तनों में किस प्रकार योगदान दिया?

Ans A). इसने वैज्ञानिकों को केवल दृश्य लक्षणों का उपयोग करके जीवों को वर्गीकृत करने में सक्षम किया।

B). इसने जीवों को पृथक जगत में वर्गीकृत करने की आवश्यकता को कम कर दिया।

C). इसने वैज्ञानिकों को पहले से अज्ञात सूक्ष्मजीवों का प्रेक्षण और पहचान करने की सुविधा प्रदान की।

D). इसने सभी जीवों के या तो पादपों से संबंधित होने या जंतुओं से संबंधित होने की पुष्टि की।

Correct Answer: C

Q.88 परिसंचरण के दौरान जब रूधिर फेफड़ों से होकर गुजरता है, तो कौन-सी प्रक्रिया होती है?

Ans A). पोषक तत्व रूधिर में अवशोषित कर लिए जाते हैं

B). ऑक्सीजन अवशोषित हो जाती है और कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त हो जाती है

C). अपशिष्ट हटाने के लिए रूधिर निस्यंदित किया जाता है

D). कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित हो जाती है और ऑक्सीजन मुक्त हो जाती है

Correct Answer: B

Q.89 धावन सोडा (washing soda) का रासायनिक सूत्र क्या है?

Ans A). $NaHCO_3$ B). $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$ C). $CaCO_3$ D). NaCl

Correct Answer: B

Q.90 करोटि (skull) के आधार से एक लचीला दंड (flexible column) विस्तारित होता है जिसे _____ कहते हैं।

Ans A). उरोस्थि दंड (Sternum column) B). अक्ष दंड (Axis column) C). शीर्षधर दंड (Atlas column) D). कशेरुक दंड (Vertebral Column)

Correct Answer: D

Section : **General Awareness**

Q.91 अप्रैल 2026 में मनाए गए, 63वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस समारोह की थीम क्या थी?

Ans A). समुद्री भारत, प्रगति को सशक्त बनाना (Maritime India, Empowering Progress)

B). भारत के समुद्री भविष्य को सुदृढ़ बनाना (Strengthening India's Maritime Future)

C). सतत समुद्र, समृद्ध राष्ट्र (Sustainable Seas, Prosperous Nation)

D). विकसित भारत के लिए नीली अर्थव्यवस्था (Blue Economy for Viksit Bharat)

Correct Answer: A

Q.92 मई 2026 में, 61वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी - ला बिएननेल डि वेनेज़िया (La Biennale di Venezia) में प्रस्तुत प्रदर्शनी 'जियोग्राफ़ीज ऑफ डिस्टेंस: रिमेम्बरिंग होम (Geographies of Distance: Remembering Home)' को निम्नलिखित में से किसके द्वारा क्यूरेट किया गया था?

Ans A). रंजनी शेट्टार B). डॉ. अमीन जाफर C). बोस कृष्णामाचारी D). अलवर बालासुब्रमण्यम

Correct Answer: B

Q.93 AI-संचालित साइबर सुरक्षा जोखिमों से निपटने के लिए, SEBI ने मई 2026 में किस समर्पित कार्यबल का गठन किया था?

Ans A). सुरक्षित बाजार मिशन (Secure Markets Mission) B). एआई शील्ड इंडिया (AI Shield India) C). साइबर-सुरक्षा.एआई (cyber-suraksha.ai)

D). साइबर रक्षक (Cyber Rakshak)

Correct Answer: C

Q.94 वर्ष 2025 में भारत के किस राज्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी-मुक्त ग्रामीण योजना (पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण पंचायत विकास योजना) को लांच किया है?

Ans A). उत्तर प्रदेश B). उत्तराखंड C). बिहार D). राजस्थान

Correct Answer: D

Q.95 फरवरी 2026 में, खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026, निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित किए गए थे?

Ans A). उत्तराखंड B). अरुणाचल प्रदेश C). हिमाचल प्रदेश D). जम्मू और कश्मीर

Correct Answer: D

Q.96 जून 2026 में, किस टूर्नामेंट में अपना फाइनल ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के बाद एथन वाज (Ethan Vaz) भारत के 96वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने?

Ans A). टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट (Tata Steel Chess Tournament) B). साराजेवो जीएम मिक्स टूर्नामेंट (Sarajevo GM Mix Tournament)

C). रेक्जाविक ओपन (Reykjavik Open) D). प्राग मास्टर्स (Prague Masters)

Correct Answer: B

Q.97 जनवरी 2026 में, DRDO ने _____ के विकास के लिए एक एक्टिवली कूल्ड स्क्रैमजेट इंजन का दीर्घकालिक ग्राउंड परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

Ans A). मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहनों B). पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान C). हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों D). बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणालियों

Correct Answer: C

Q.98 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा जारी "चिल्ड्रेन इन इंडिया 2025 (Children in India 2025)" शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, शिशु मृत्यु दर (IMR) 2011 में प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 44 से घटकर 2023 में कितनी हो गई?

Ans A). प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 25 B). प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 30 C). प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 35 D). प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 15

Correct Answer: A

Q.99 निम्नलिखित में से किस संगठन ने, जुलाई 2026 में "स्ट्रेटेजिक रोडमैप फॉर मेकिंग आयुर्वेद ग्लोबल" शीर्षक वाली रिपोर्ट लॉन्च की?

Ans A). भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) B). राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) C). आयुष मंत्रालय D). नीति आयोग

Correct Answer: D

Q.100 अप्रैल 2026 में, निम्नलिखित में से किसने पुस्तक 'टाइड्स ऑफ टाइम: भारत'स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)' का विमोचन किया?

Ans A). जगदीप धनखड़ B). हरिवंश नारायण सिंह C). द्रौपदी मुर्मू D). सी.पी. राधाकृष्णन

Correct Answer: D

"